(ख) छठी पंचवर्षीय योजना अवधि के अन्त तक कितने स्वचालित टेलीफोन केन्द्रों को स्वचालित टेलीफोन केन्द्रों में बदला गया ;

(ग) क्या शेष सभी जिला मुख्यालयों में हस्तचालित टेलीफोन केन्द्रों को स्वचालित टेलीफोन केन्द्रों में परिवर्तित करने के लिये उपस्कर उपलब्ध हैं ; और

(घ) यदि हां, तो शेष जिला मुख्यालयों में यह सुविधा कब तक प्रदान कर दी जायेगी ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) 31.12.84 को ऑटोमेटिक एक्सचेंज वाले जिला मुख्यालयों की संख्या 265 थी।

(ख) आन्ध्र प्रदेश में कुरनूल, उत्तर पूर्व में डिब्रूगढ़, चूराचांदपुर और राधा किशोरपुर तथा उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ के पांच टेलीफोन एक्सचेंजों को छठी योजना अवधि के अन्त तक ऑटोमेटिक टेलीफोन एक्सचेंजों में बदला जा चुका है।

(ग) जी नहीं, उपस्कर की सीमित उपलब्धता के कारण इसकी उत्तरोत्तर व्यवस्था की जा रही है। जिला मुख्यालयों में एक्सचेंजों को ऑटोमेटिक बनाने की प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है।

(घ) सातवीं योजना अवधि के अन्त तक शेष सभी जिला मुख्यालयों को ऑटोमेटिक बनाने की योजना है।

टिप्पणी :—ऑटोमेटिक एक्सचेंजों में 90 लाइनों से कम क्षमता वाले एक्सचेंज शामिल नहीं हैं।

उत्तर प्रदेश में नए डाक और तार घर तथा टेलीफोन केन्द्र

156. **श्री रामचन्द्र विकल** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1985 के दौरान उत्तर प्रदेश में कितने डाक और तार घर तथा टेलीफोन केन्द्र खोले जाने की योजना है ;

(ख) 1985 के अन्त तक गाजियाबाद में कितने डाक और तार घर तथा टेलीफोन केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव है ; और

(ग) उन टेलीफोन केन्द्रों का ब्यौरा क्या है, जिन्हें स्वचालित केन्द्रों में परिवर्तित किये जाने का प्रस्ताव है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) वर्ष 1985-86 में उत्तर प्रदेश में 212 डाक घर खोलने की योजना थी, लेकिन नये पदों के सृजन पर लगे प्रतिबन्ध के कारण इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन स्थगित कर दिया गया। उत्तर प्रदेश के लिये 200 संयुक्त डाक तार घर और 20 छोटे टेलीफोन एक्सचेंज का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। फिर भी वह यह कार्यक्रम संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

(ख) उपर्युक्त (क) में बताये गये 212 डाक घरों में से चार डाक घर गाजियाबाद जिले में खोलने का प्रस्ताव है। 1985–86 के दौरान गाजियाबाद जिले में एक डाक-तार घर (संयुक्त डाक-तार घर) और एक छोटा स्वचल एक्सचेंज खोलने का प्रस्ताव है।

(ग) शून्य।

इलैक्ट्रानिक टेलीफोन केन्द्र

157. **श्री रामचन्द्र विकल** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय कितने इलैक्ट्रानिक टेलीफोन केन्द्र हैं और ये केन्द्र कहां-कहां स्थापित हैं ;